बी.आर.एस.एम. कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र
इं.गाँ.कृ.वि., पण्डरिया रोड, मुंगेली–495334 (छ.ग.)
BRSM College of Agricultural Engineering and Technology & Research Station
IGKV, Pandariya Road, Mungeli - 495334 (C.G.)

क्रमांक / सीएईटी / 2015 /   मुंगेली, दिनांक 26.08.2015

छात्रसंघ चुनाव 2015

इस महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव 2015, दिनांक 25.08.2015 को पर्यवेक्षक डॉ. नीरज मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की उपस्थिति में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ ।

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिये समय–सारिणी का प्रकाशन किया गया और दिनांक 14.08.2015 को आचार संहिता लागू हुई । महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनय कुमार पाण्डेय द्वारा डॉ. एस. के. तिवारी, सहायक प्राध्यापक को चुनाव अधिकारी व डॉ. बी. एल. सिन्हा, इंजी. देबाशीष पाढी, इंजी. हिमांशु एक्का, श्री दिवाकर नायडू, डॉ. अनिल कुमार कश्यप, डॉ. मंजू तिवारी, इंजी. अनुराग सिंह तोमर, श्री जी. एन. पटेल, श्री कोमल प्रसाद गांवरे एवं श्री मनमोहन कश्यप को चुनाव समिति का सदस्य नियुक्त किया गया ।

महाविद्यालय में छात्रसंघ के अध्यक्ष, सहसचिव एवं चतुर्थ वर्ष के कक्षा नायक के लिये अप्रत्यक्ष मतदान द्वारा तथा छात्रसंघ के अन्य पद उपाध्यक्ष, सचिव, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कक्षा नायकों का पद निर्विरोध चुना गया ।

अध्यक्ष के लिये श्री दीनानाथ पैकरा एवं श्री श्रेयक शर्मा के बीच, सहसचिव के लिये श्री येशेन्द्र निर्मलकर एवं श्री बालकृष्ण मिश्रा के बीच तथा चतुर्थ वर्ष के कक्षा नायक के लिये श्री अक्षय कुमार एवं श्री अर्जुन चौधरी के बीच सीधा मुकाबला हुआ ।

मतदान की प्रक्रिया दिनांक 25.08.2015 को प्रातः 08.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तक सम्पन्न हुआ जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया जिसके कारण 92 प्रतिशत मतदान हुआ । मतगणना की प्रक्रिया दोपहर 01.00 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद के लिये श्री दीनानाथ पैकरा को 107 मत, श्री श्रेयक शर्मा को 69 मत मिले एवं 01 मत अवैध रहा। सहसचिव पद के लिये श्री येशेन्द्र निर्मलकर को 104 मत, श्री बालकृष्ण मिश्रा को 71 मत मिले एवं 02 मत अवैध रहा । चतुर्थ वर्ष कक्षा नायक के लिये श्री अक्षय कुमार को 22 मत एवं श्री अर्जुन चौधरी को 20 मत मिले तथा छात्रसंघ के अन्य प्रतिनिधि उपाध्यक्ष के लिये श्री दीपक साहू, सचिव मनीषा साहू, प्रथम वर्ष कक्षा नायक श्री दुर्गेश सोनवानी, द्वितीय वर्ष कक्षा नायक चेतना वर्मा एवं तृतीय वर्ष कक्षा नायक कु. दिव्यांशु गंजीर निर्विरोध चुने गये जिसकी घोषणा अधिष्ठाता डॉ. व्ही. के. पाण्डेय ने की । उन्होंने नवनिर्वाचित छात्रप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए अनुशासन में रहकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहायक होने के लिये प्रेरित किया ।

मतदान की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, छात्र–छात्रायें एवं जिला प्रशासन के उपस्थित सुरक्षा अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अधिष्ठाता

छात्रसंघ चुनाव 2015

2015-16

2015-16

2015-16

2015-16

2015-16

2015-16 2015-16